प्रेस प्रकाशनी

1. संसद का मानसून सत्र, 2022, जो सोमवार, 18 जुलाई, 2022 से आरंभ हुआ था, सोमवार, 8 अगस्त, 2022 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सत्र के दौरान 22 दिनों की अवधि में कुल 16 बैठकें हुई।

1. सत्र मूल रूप से 18 बैठकों सहित 18 जुलाई से 12 अगस्त तक बैठने के लिए निर्धारित था परंतु अत्यावश्यक सरकारी कार्य के पूरा हो जाने और आगामी दो राजपत्रित और संसदीय छुट्टियों को देखते हुए सदस्यों की मांग के कारण इसे पहले समाप्त कर दिया गया।

3. सत्र के दौरान, 6 विधेयक लोक सभा में पुर:स्थापित किए गए। लोक सभा द्वारा 7 विधेयक और राज्य सभा द्वारा 5 विधेयक पारित किए गए। लोक सभा में एक विधेयक को वापस लिया गया। सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयकों की कुल संख्या 5 है। सत्र के दौरान दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए कुछ प्रमुख विधेयक निम्न प्रकार हैं:-

- **कुटुम्ब न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022** हिमाचल प्रदेश राज्य में 15 फरवरी, 2019 से और नागालैंड राज्य में 12 सितंबर, 2008 से परिवार न्यायालयों की स्थापना और कुटुम्ब न्यायालय (संशोधन) अधिनियम, 2022 के अधिनियमन से पहले हिमाचल प्रदेश और नागालैंड की राज्य सरकारों और उन राज्यों के कुटुम्ब न्यायालयों द्वारा उक्त अधिनियम के तहत किए गए सभी कार्यों को पूर्वव्यापी रूप से मान्य करने के लिए एक नई धारा 3क के अंत:स्थापन हेतु उक्त अधिनियम में संशोधन करने की मांग करता है।

- **सामूहिक संहार के आयुध और उनकी परिदान प्रणाली (विधि-विरुद्ध क्रियाकलापों का प्रतिषेध) संशोधन विधेयक, 2022**, अन्य बातों के साथ-साथ - (क) सामूहिक विनाश के हथियारों और उनकी वितरण प्रणालियों के संबंध में किसी भी गतिविधि के वित्तपोषण पर रोक लगाने का प्रयास करता है; (ख) केंद्र सरकार को (i) इस तरह के वित्तपोषण की रोकथाम हेतु धन या अन्य वित्तीय परिसंपत्ति या आर्थिक संसाधनों को फ्रीज, जब्त या कुर्क करने; (ii) सामूहिक विनाश के हथियारों और उनकी वितरण प्रणालियों के संबंध में किसी भी निषिद्ध गतिविधि के लिए धन, वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराने पर रोक लगाने के लिए सशक्त बनाता है।

- **भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022** अंटार्कटिक पर्यावरण तथा आश्रित एवं संबद्ध पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा के लिए राष्ट्रीय उपायों का उपबंध करता है और यह अंटार्कटिक संधि, अंटार्कटिक समुद्री जीवित संसाधनों के संरक्षण संबंधी कन्वेंशन और अंटार्कटिक संधि के पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रोटोकॉल को लागू करने और उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों का उपबंध करने के लिए है।

- **राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक, 2021** खेलों में डोपिंग रोधी गतिविधियों को विनियमित करने और खेलों में डोपिंग के विरूद्ध संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन और उसके तहत ऐसी अन्य बाध्यताओं और प्रतिबद्धताओं को प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के गठन और उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों का उपबंध करता है।

- **केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022** अन्य बातों के साथ-साथ एक कारपोरेट निकाय के रूप में गति शक्ति विश्वविद्यालय की स्थापना का उपबंध करने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन करने की मांग करता है।

4. लोक सभा में पुर:स्थापित किए गए विधेयकों, लोक सभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों, राज्य सभा द्वारा पारित किए गए विधेयकों और दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयकों की सूची अनुबंध के रूप में संलग्न है।

5. अल्पावधि चर्चा:-

- लोक सभा में नियम 193 के अंतर्गत मूल्य वृद्धि पर एक अल्पावधि चर्चा हुई।

- भारत में खेलों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के संबंध में लोक सभा में श्री गौरव गोगोई द्वारा 31 मार्च, 2022 को शुरू की गई चर्चा को भी लिया गया परंतु यह पुन: अधूरी रही।

- राज्य सभा में नियम 176 के अंतर्गत आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर एक अल्पावधि चर्चा हुई।

6. लोक सभा की उत्पादकता लगभग 48% और राज्य सभा की उत्पादकता लगभग 44% रही।

***

<u>अनुबंध</u>

17वीं लोक सभा के 9वें सत्र और राज्य सभा के 257वें सत्र (मानसून सत्र) के दौरान निष्पादित विधायी कार्य

I – लोक सभा में पुर:स्थापित किए गए विधेयक

1. कुटुम्ब न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022
2. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022
3. ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022
4. नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022
5. प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2022
6. विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2022

II – लोक सभा द्वारा पारित किए गए विधेयक

1. भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022
2. कुटुम्ब न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022
3. राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक, 2021
4. वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2021
5. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022
6. ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022
7. नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम केंद्र (संशोधन) विधेयक, 2022

III – राज्य सभा द्वारा पारित किए गए विधेयक

1. सामूहिक संहार के आयुध और उनकी परिदान प्रणाली (विधि-विरुद्ध क्रियाकलापों का प्रतिषेध) संशोधन विधेयक, 2022
2. भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022
3. राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक, 2021
4. कुटुम्ब न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022
5. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022

IV – संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए गए विधेयक

1. सामूहिक संहार के आयुध और उनकी परिदान प्रणाली (विधि-विरुद्ध क्रियाकलापों का प्रतिषेध) संशोधन विधेयक, 2022
2. भारतीय अंटार्कटिक विधेयक, 2022
3. राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक, 2021
4. कुटुम्ब न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022
5. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022

V – लोक सभा में वापस लिया गया विधेयक

1. वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2019

***